दिनांक: 02.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छ भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। आज नई दिल्ली में स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी ने योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत सिर्फ 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। श्री मोदी ने दस हजार करोड रुपये की लागत से आज शुरू की गई परियोजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि मिशन अमृत के अंतर्गत विभिन्न शहरों में जल और मल शोधन संयंत्र लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नमामी गंगे से जुडे कार्यों और कूडे से बायोगैस बनाने के गोबरधन संयंत्र से स्वच्छ भारत मिशन को नई ऊंचाई मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्वच्छता और साफ–सफाई से जुड़ी 9 हजार 6 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में अमृत और अमृत 2.0, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन और गोबरधन योजना के तहत 15 कम्प्रेस्ड गैस संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं।

..................

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आज सम्पन्न हुआ। राज्य स्तरीय समापन समारोह जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पखवाड़े के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को सम्मानित किया। इनमें जयपुर ग्रेटर नगर निगम पहले स्थान रहा। अजमेर नगर निगम दूसरे और जोधपुर दक्षिण नगर निगम ने तीसरा स्थान हासिल किया। नगर परिषद की श्रेणी में चित्तौड़गढ़ पहले और जैसलमेर दूसरे पायदान पर रहे। समारोह में जयपुर स्वच्छता फिल्म भी रिलीज की गई। फिल्म में शहर की स्वच्छता यात्रा को दर्शाया गया है। इसके साथ ही व्यापारियों, आमजन और स्वच्छता योद्धाओं के संदेशों के माध्यम से साफ–सफाई के महत्व को बताया गया है।

.............................

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज उन्हें याद किया जा रहा है। बापू और शास्त्री जी की प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। इस अवसर पर प्रदेशभर में सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। महात्मा गांधी के प्रिय भजन और रामधुनों की स्वर लहरियां बिखेरी जा रही हैं। कई स्थानों पर निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। वहीं प्रभात फेरी भी निकाली गई। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित गांधी सर्किल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अन्य नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इससे पहले, राज्यपाल ने राजभवन में महात्मा गांधी और शास्त्री जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शासन सचिवालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर के झोटवाड़ा स्थित गांधी कुष्ठ आश्रम का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और आश्रम में साफ–सफाई के कार्यों का निरीक्षण भी किया।

.............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे सौंपेंगे। दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के पहले चरण में 20 हजार 721 चयनित परिवारों को पट्टे दिये जाएंगे। जिला स्तर पर भी पट्टा वितरण कार्यक्रम रखे गए हैं। इस समारोह का सभी जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में सजीव प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री, चयनित 10 जिलों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी करेंगे।

.............................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज तलाशी अभियान चलाकर कोटा संभागीय आयुक्त राजेन्द्र विजय के जयपुर, कोटा और दौसा स्थित ठिकानों पर कार्रवाई की। उनके पास आय से अधिक सम्पत्ति होने के मामले में ये कार्रवाई की गई।

.............................